## मुख्य चुनाव निरीक्षक अभय नंदन अंबास्था ने हिंदी विवि को दी भेंट




वर्धा, 30 अप्रैल 2024 : वर्धा लोकसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव निरीक्षक अभय नंदन अंबास्था (आईएएस) ने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय को भेंट देकर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों एवं उपक्रमों को लेकर चर्चा की। उनके आगमन पर कुलसचिव कार्यालय में कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया और अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने उनका शॉल एवं विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समता भवन स्थित पराड़कर मीडिया लैब, गांधी हिल्स सहित विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय का परिसर देखकर अभिभूत हूँ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों सहित उत्तरी परिसर में स्वामी विवेकानंद की 108 फीट की प्रतिमा स्थापित करने की जानकारी कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया ने दी।



इस अवसर पर उनके संपर्क अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के उपायुक्त प्रसाद कुलकर्णी, विवि के डॉ. राजेश्वर सिंह, डॉ. कृष्ण चंद पाण्डेय, सुशील पखिडे, राजेश यादव, बी.एस. मिरगे आदि उपस्थित थे।

----------------------------------------------------